विचार–प्रवाह...अमेरिकी मॉडल सही



देहरादून, शनिवार, 31 जुलाई 2021

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 24.0° | 42243.40 | 2 चीन को फिलीपीन्स ने झटका दिया | 7 सिंधु ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

# जासूसी कांड की स्वतंत्र जांच की गुहार

## सुनवाई को राजी हुआ सुप्रीम कोर्ट, अगले हफ्ते होगी बहस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट कथित जासूसी कांड को लेकर दर्ज शिकायत पर सुनवाई करने को राजी हो गया है। संसद के मॉनसून सत्र शुरू होने से ठीक पहले देश की राजनीति में बवंडर खड़ा कर देनेवाले खुलासे की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांगें हो रही हैं। इस बीच सुनवाई के लिए सर्वोच्च अदालत की सहमति को मामले में बड़ा डेवलपमेंट के तौर पर देखा जा रहा है। अब शीर्ष अदालत वरिष्ठ पत्रकार एन राम और शशि कुमार की जनहित याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई करेगी।

**किसने लिया है पेगासस का लाइसेंस?:** याचिका में कहा गया है कि केंद्र सरकार को निर्देश दिया जाना चाहिए कि वह इस बात का खुलासा करे कि क्या किसी सरकारी एजेंसी ने पेगासस

याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**आलोचना को दबाने की कोशिश का आरोप**

सीनियर जर्नलिस्ट एन राम और शशि कुमार ने याचिका में कहा है कि जाने–माने पत्रकारों, राजनेताओं आदि का इजराइली स्पाईवेयर पेगासस से जासूसी की गई है जो एक गंभीर मामला है। उनकी दलील है कि अगर अवैध तरीके से फोन हैकिंग हुई है और इसके लिए पेगासस का इस्तेमाल हुआ है, तो यह एक तरह से भारत में अभिव्यक्ति की आजादी और असहमति को दबाने की कोशिश है।

स्पाईवेयर के इस्तेमाल का लाइसेंस ले रखा है। किसी तरह से सर्विलांस के लिए क्या सरकारी एजेंसी के



### सुप्रीम कोर्ट जज से जांच की मांग

याचिका में रिटायर या सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज से पेगासस जासूसी केस की जांच की मांग की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता और कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना के समक्ष जनहित याचिका का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा था कि जहां तक नागरिक स्वतंत्रता का संबंध है, न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में भी पेगासस के व्यापक परिणाम सामने आ रहे हैं। उनकी दलील है कि यह मामला तत्कालिक राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित है, उसमें विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और यहां तक कि न्यायपालिका की जसूसी हुई है जिसकी जांच जरूरी है।

पास पेगासस स्पाईवेयर का लाइसेंस है, ये बताया जाए। याचिका में कहा गया है कि विश्वभर के मीडिया ने यह खबर दी है कि भारत में 142 से ज्यादा लोगों जिनमें पत्रकार, वकील, मंत्री, विरोधी दल के नेता, सिविल सोसायटी के एक्टविस्ट और संवैधानिक पद पर बैठे लोगों को निशाना बनाया गया है और पेगासस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर उनका सर्विलांस किया गया है।

**एसआईटी जांच की भी मांग:** इससे पहले 22 जुलाई को पेगासस जासूसी कांड की कोर्ट की निगरानी में एसआईटी जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया था। सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता वकील एमएल शर्मा ने अर्जी दाखिल कर कहा है कि जासूसी कांड ने भारतीय लोकतंत्र पर हमला किया है और देश की सुरक्षा और जूडिशिरी की स्वतंत्रा का मुद्दा इसमें शामिल है। अर्जी में कहा गया है कि जर्नलिस्टों, एक्टिविस्टों, पॉलिटिकल लीडरों और अन्य की इजराइली स्पाइवेयर पेगासस का इस्तेमाल कर जासूसी कराए जाने की खबरों की कोर्ट की निगरानी में जांच कराए जाए।

### निजता ही नहीं, जीवन के अधिकार पर चोट

याचिकाकर्ता ने अपनी अर्जी में कहा है कि पेगासस के जरिए मिलिट्री लेवल का सर्विलांस किया गया है जो स्वीकार्य नहीं हो सकता है। लोगों के जीवन के अधिकार में निजता का अधिकार शामिल है। संविधान ने अभिव्यक्ति की आजादी दे रखी है, साथ ही जीवन और स्वतंत्रता का भी अधिकार है। इस पेगासस स्पाईवेयर के माध्यम से जर्नलिस्टों, एक्टिविस्टों, मिनिस्टरों और संवैधानिक पद पर बैठे लोगों को टारगेट किया गया और उनके फोन को हैक किए गए। यह उनके मौलिक अधिकार में गंभीर दखल है। लोगों के जीवन के अधिकार के बुनियाद को खतरा उत्पन्न हुआ है और यह सब डरावना एहसास है।

## संक्षिप्त समाचार

### बारामुला में सीआरपीएफ की नाका पार्टी पर ग्रेनेड हमला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के बारामुला जिले में शुक्रवार को दोपहर के वक्त सीआरपीएफ की एक नाका पार्टी पर ग्रेनेड अटैक हुआ है। इस घटना में सीआरपीएफ के 3 जवानों के घायल होने की सूचना है। इसके अलावा एक स्थानीय नागरिक भी ग्रेनेड हमले में घायल हुआ है। उत्तर कश्मीर के बारामुला जिले में आतंकियों ने खानपोरा ब्रिज पर तैनात एक सीआरपीएफ टीम पर ग्रेनेड हमला किया था।

### सोमवार तक लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का दूसरा सप्ताह आज खत्म हो जाएगा लेकिन कामकाज सुचारु होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। संसद के दोनों सदनों को मिलाकर पिछले आठ दिनों में बमुश्किल नौ घंटे का कामकाज हुआ है। शुक्रवार को भी विपक्षी नेता पेगासस, कृषि कानूनों और अन्य मुद्दों पर संसद में विरोध प्रदर्शन किया।

# फिर लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ा

## सीबीएसई ने जारी किया 12वीं का परिणाम, 1296318 छात्र हुए पास

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। लंबे इंतजार के बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार दोपहर ठीक 2 बजे 12वीं कक्षा का परिणाम जारी कर दिया। सीबीएसई द्वारा उपलब्ध कराई गई आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, 14 लाख के करीब छात्र–छात्राओं ने 12वीं की परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिसमें 1296318 छात्र–छात्राएं पास हुए हैं। सीबीएसई 12वीं के नतीजे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट cbseresults.nic.in पर जारी किए गए हैं। सीबीएसई के मुताबिक, 65184 छात्र–छात्राओं का परिणाम आगामी 5 अगस्त को घोषित किया जाएगा। इस बार के 12वीं कक्षा के परिणाम में लड़कों की तुलना में 0.54 फीसद लड़कियां अधिक उत्तीर्ण हुई हैं। 99.67 फीसद लड़कियां उत्तीर्ण हुई हैं। 99.13 फीसद लड़के पास हुए हैं। 100 ट्रांसजेंडर भी इस बार उत्तीर्ण हुए हैं। 6149 छात्र–छात्राओं की कंपार्टमेंट भी आई है। दरअसल, इस बार परीक्षा नहीं होने के चलते रोल नंबर नहीं जारी किया गया है। इसके जरिये छात्र अपना परिणाम देख पाएंगे। बता दें कि सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2021 के लिए इस बार 16 लाख से अधिक छात्र–छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। सीबीएसई के एलान के बाद शुक्रवार दोपहर 2 बजे उनका इंतजार खत्म हो गया। बता दें कि कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान मामलों के चलते सीबीएसई ने 12वीं की परीक्षा रद्द कर दी थी, जिसके नतीजे शुक्रवार को जारी हुए। छात्र–छात्राएं अपना 12वीं का परिणाम केवल सीबीएसई द्वारा जारी रोल नंबर के जरिए ही देख सकते हैं। दरअसल, एडमिट कार्ड नहीं जारी किए जाने से छात्र–छात्राओं को आवंटित किए गए रोल नंबर की जानकारी नहीं है। इसके चलते सीबीएसई ने छात्र–छात्राओं को रोल नंबर देखने के लिए ऑनलाइन सुविधा दी है।

### पीएम और शिक्षा मंत्री ने ऐसे दी बधाई और शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दी बधाई। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई कक्षा 12 के छात्रों को बोर्ड परीक्षा में पास होने और इस साल हाई रिकॉर्ड पासिंग परसेंटेज दर्ज करने के लिए बधाई दी है। साथ उन्होंने, शिक्षकों और अभिभावकों को भी उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी है। सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं दीं।

# राज्य सरकार क्वालिटी ऑफ वर्क के लिए संकल्पबद्धः सीएम

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर क्षेत्र में क्वालिटी ऑफ वर्क देने का प्रयास किया जायेगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं शैक्षणिक गुणवत्ता के सुधार के लिए जल्द ही एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सीमित आर्थिक संसाधन हैं, इसके बावजूद भी राज्य सरकार द्वारा जनहित में अनेक निर्णय लिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी घोषणाएं की जायेंगी, समयबद्धता के साथ वे पूर्ण भी की जायेंगी। सबको साथ लेकर राज्य को आगे बढ़ाया जायेगा। राज्य सरकार का प्रयास है कि 2027 तक उच्च शिक्षा, पर्यटन, कृषि एवं सड़कों के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनायेंगे।

**रोजगार के लिए रोडमैपः** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अपनी पहली कैबिनेट में ही सरकार ने जनहित से संबंधित अनेक निर्णय लिये। राज्य में विभिन्न विभागों के अनेक रिक्त

### प्रयास

■समयबद्धता के साथ सभी घोषणाएं की जायेंगी पूर्ण

पदों पर भर्तियां करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए प्रक्रिया भी तेज हो चुकी है। स्वरोजगार की दिशा में भी राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में 10 लाख से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए रोडमैप बनाया जा रहा है। कोविड की वजह से भर्ती प्रक्रियाओं में अभ्यर्थियों को अधिकतम आयुसीमा में एक साल की छूट प्रदान की गई है। एनडीए एवं सीडीएस की प्रारम्भिक परीक्षा पास करने के बाद अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तैयारी के लिए 50 हजार की वित्तीय सहायता एवं संघ लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा पास करने वाले सभी अभ्यर्थियों एवं पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा पास करने वाले चयनित 100 अभ्यर्थियों को मेन्स एवं साक्षात्कार के लिए 50–50 हजार रूपये की वित्तीय सहायता दी जायेगी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# लगातार तीसरे दिन नए मामलों में बढ़ोतरी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश में लगातार तीन दिनों से नए कोरोना केस में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड–19 के 44,230 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही, कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,15,72,344 हो गई। वहीं, 555 और लोगों की मौत के बाद

**फिर आए 44,230 कोरोना केस और 555 मौतें**

मृतक संख्या बढ़कर 4,23,217 हो गई।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में लगातार तीसरे दिन उपचाराधीन मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई। देश में अभी 4,05,155 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 1.28 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,315 बढ़ोतरी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.38 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 46,46,50,723 नमूनों की कोविड–19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 18,16,277 नमूनों की जांच बृहस्पतिवार को की गई।